चित्रकूट पुलिस

(1). मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण एवं स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई।

आज दिनाँक 25.10.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुम कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा (थाना कोतवाली कर्वी द्वारा मार्केट,सोनेपुर, धतुरहा चौराहा आदि जगहों में,थाना मारकुंडी द्वारा थाना तिराहा व ग्राम नई बस्ती अमचूर नेरुवा में,थाना पहाड़ी द्वारा ग्राम पहाड़ी बुजुर्ग में,थाना बहिलपुरवा द्वारा ग्राम पड़रिया में,थाना सरधुवा द्वारा ग्राम पनौटी में) स्थानों पर भ्रमण कर मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का

अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

(2). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री प्रकाश यादव के मार्गदर्शन में थाना सरधुवा पुलिस टीम द्वारा नाबालिक बालिका को शादी का वादा करके बहला-फुसलाकर ले जाने एवं दुष्कर्म करने के वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण -

उल्लेखनीय है कि दिनांक 30.09.2026 को थाना सरधुवा क्षेत्र की एक महिला वादिनी द्वारा थाना पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि उसकी नाबालिक पुत्री दिनांक 27.09.2026 को बिना बताये घर से कहीं चली गयी है। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि उसे ग्राम सुरवल निवासी एक युवक शादी का झूठा वादा करके बहला-फुसलाकर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया है। इस सूचना पर थाना सरधुवा में मु0अ0सं0 156/26 धारा 137(2)/64(2)m बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया।

प्रभारी निरीक्षक सरधुवा व उनकी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त इन्द्रजीत पुत्र सुधान निषाद को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी करने वाली टीम का नाम -

1. प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री प्रकाश यादव
2. का0 आकाश यादव
3. चालक का0 देवेन्द्र सिंह

(3). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 02 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

(1). उ0नि0 श्री दिनेश कुमार पाण्डेय मय हमराह आरक्षी सतीश यादव थाना बहिलपुरवा द्वारा मु0अ0सं0 23/2025 धारा 110,352,115(2),351(3) बीएनएस व 3(1)10 एससी/एसटी एक्ट के आरोपी अभियुक्त रामबाबू पुत्र गनेश प्रसाद उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम नई दुनिया रूकमाखुर्द थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(2). उ0नि0 श्री मुन्ना सिंह यादव मय हमराह आरक्षी दुर्गेश नन्दन पटेल थाना मऊ द्वारा मु0सं0 27/2019 धारा 60 आबकारी अधिनियम के वारंटी अभियुक्त भोला केवट पुत्र धानू केवट उम्र करीब 45 वर्ष निवासी कटैया खादर थाना मऊ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।